वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 21 अक्टूबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

यूजीसी नेट परीक्षा की तिथि शीघ्र घोषित करे NTA : अभाविप

सर्वविदित है कि शोध के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थी राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में भाग लेने के लिए लंबे समय तक तैयारी करते हैं। प्रतिवर्ष यह परीक्षा दिसंबर तथा जून चक्र में आयोजित की जाती है परंतु दुर्भाग्यवश, गत एक वर्ष से इस परीक्षा का आयोजन नहीं हो पाया है। देश भर के विद्यार्थियों के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए अभाविप द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर परीक्षा के आयोजन में आ रही समस्याओं का अतिशीघ्र निवारण करने के लिए आग्रह किया है।

ज्ञात हो कि दिसंबर 2020 तथा जून 2021, दोनों ही चक्रों की परीक्षा संयुक्त रूप से अक्टूबर 2021 में करवाने की घोषणा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा की गई थी, परंतु 9 अक्टूबर, 2021 को एक सार्वजनिक सूचना ज़ारी कर, परीक्षा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस प्रकार बार-बार निराशाजनक घोषणाओं से प्रतिष्ठित संस्थानों से विद्यार्थियों का विश्वास उठ जाता है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी जी ने कहा "इतने लंबे समय से पात्रता परीक्षा के आयोजन न होने के कारण विद्यार्थियों का करियर ठप पड़ गया है। विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या विश्वविद्यालयों में PhD प्रवेश के लिए NET-JRF उत्तीर्ण छात्रों के लिए निर्धारित सीटों पर फ़ार्म भरने से भी वंचित रह गई है। अनेक शोधार्थी छात्र NET परीक्षा न दे पाने के कारण शिक्षा क्षेत्र में नियुक्ति के लिए आवेदन भी नहीं कर पा रहे हैं। हमें विश्वास है कि इन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए, प्रशासन तत्काल प्रभाव से इनका निवारण करेगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)